बरेली, बुधवार
10 जुलाई, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 06, BOTTOM

'मरीज देखते समय व्यवहारिकता अपनाएं'

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (9 July):एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पीजीआई चंडीगढ़ के तत्वावधान में वर्कशाप व सीएमई आयोजित हुई. मेडिकल एजूकेशन डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के इनॉग्रेशन सत्र में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने चिकित्सकों से मरीजों को देखते समय व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने की अपील की.

● वर्कशाप व सीएमई का किया आयोजन.

जानकारी दी

उन्होंने कहा कि हर मरीज की स्थिति और परिस्थिति में अंतर होता है. ऐसे में अपनी भावनाओं का इस्तेमाल करते हुए दवाइयां लिखनी चाहिए. इनॉग्रेशन सत्र का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने और दीप प्रज्वलन से हुआ. एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला ने सभी का स्वागत किया और कॉलेज की उपलब्धियों की जानकारी दी. वर्कशाप में सभी का आभार कार्यक्रम के आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन व फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. जसविंदर सिंह ने जताया. उन्होंने इस सीएमई व वर्कशाप को पीजी स्टूडेंट्स के साथ ही सभी फैकेल्टी के लिए भी महत्वपूर्ण और लाभप्रद बताया. वर्कशाप में पीजीआई चंडीगढ़ के प्रोफेसर बिकास मेथी, डॉ. अजय प्रकाश, दिल्ली के डिप्टी ड्रग कंट्रोलर डॉ. इंद्रजीत सिंह हूरा, आईसीएमआर के साइंटिस्ट डा.जेरिन जोस चेरियन, आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. संध्या चौहान ने किया. इस मौके पर कोआर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. जी क्रांति कुमार, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डीन पीजी डॉ. रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे.